जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-40 जयपुर, सोमवार, 27 अक्टूबर, 2025 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

# निःशुल्क बिजली- कांग्रेस सरकार में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को ही मिलेगी 150 यूनिट फ्री बिजली

हमारा वतन

**जयपुर।** प्रदेश में कांग्रेस सरकार में रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को ही 150 यूनिट फ्री बिजली स्कीम का फायदा मिलेगा। स्कीम में फ्री बिजली नहीं होगी, बल्कि 1.1 केवी का सोलर प्लांट लगाने के लिए मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के लाभार्थियों को पीएम सूर्य घर योजना से जोड़ा जाएगा। इन्हें 17 हजार की अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी। पीएम सूर्य घर योजना में पहले ही केंद्र 33 हजार रुपए की सब्सिडी दे रहा है। ऐसे में दोनों को मिलाकर 50 हजार रुपए की सब्सिडी मिलेगी। प्रदेश के 1.04 करोड़ घरेलू उपभोक्ता ही रजिस्टर्ड हैं। वहीं मानसून में सोलर से बिजली नहीं मिलने पर उपभोक्ता को बिल चुकाना होगा। पोर्टल के जरिए योजना के रजिस्टर्ड




उपभोक्ता के नम्बर दर्ज करके फ्री बिजली योजना में ओटीपी से अपनी पात्रता की स्थिति जान सकेंगे। इस प्रक्रिया में मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के रजिस्टर्ड उपभोक्ता स्वयं की छत की उपलब्धता की जानकारी पोर्टल पर देंगे तथा स्वयं रूफ टॉप सोलर लगाने की सहमति देंगे। योजना की मॉनिटरिंग चीफ एमके राजपूत और एसई महिमा साराभाई कर रहे हैं। डिस्कॉम की एसई (पीएम सूर्यधर) अधीक्षण अभियंता महिमा साराभाई का कहना है कि यह तो नीतिगत निर्णय है। इसको लेकर हम कैसे कुछ बता सकते हैं।

**नहीं मिलेगी नए उपभोक्ताओं को राहत-** पूर्व कांग्रेस सरकार के समय रजिस्ट्रेशन से वंचित और भाजपा सरकार के पौने दो साल के कार्यकाल में जुड़े घरेलू उपभोक्ताओं को 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का फायदा नहीं मिलेगा। कई लोगों ने पार्टी पॉलिटिक्स की वजह से रजिस्ट्रेशन ही नहीं करवाया था।

### 150 यूनिट बिजली फ्री नहीं, केवल अतिरिक्त सब्सिडी

रजिस्ट्रेशन के बाद उपभोक्ता रजिस्टर्ड वेंडरों से रूफटॉप पर 1.1 किलोवाट के सोलर पैनल पीएम सूर्य घर योजना में लगा सकेंगे। दावा है कि दोनों सब्सिडी से सोलर पैनल फ्री हो जाएगा। इस पैनल के जरिए उपभोक्ताओं को हर महीने करीब 150 यूनिट बिजली मिलेगी। पोर्टल की शुरुआत के बाद 70 हजार रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं ने 150 यूनिट निशुल्क बिजली योजना में रूफ टॉप सोलर लगाने की सहमति दर्ज कराई। जिन उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना में रजिस्ट्रेशन नहीं करवा रखा है, उन्हें केवल पीएम सूर्य घर योजना के तहत तय केंद्र की सब्सिडी दी जाएगी। अनरजिस्टर्ड उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा पर वर्तमान दर (2.71 रु. प्रति यूनिट) से फीड इन टैरिफ के अतिरिक्त एक निशुल्क इंडक्शन कुक टॉप तथा प्रति माह 15 पैसे प्रति यूनिट की दर से प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान था। लेकिन यह मॉडल फिलहाल लागू नहीं होगा।

# एक्टर सतीश शाह का निधन

## 74 वर्ष की उम्र में ली आखिरी सांस

**मुंबई (हमारा वतन)।** बॉलीवुड एक्टर सतीश शाह का निधन हो गया है। 74 की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह काफी समय से किडनी से जुड़ी बीमारी से परेशान थे। हाल ही में उनका ट्रांसप्लांट भी हुआ था। सतीश उनके शो साराभाई वर्सेस साराभाई, जाने दो यारों और मैं हूं ना से काफी पॉपुलर थे। ।

सोशल मीडिया पर लिखा, दुख के साथ बताना पड़ रहा है कि हमारे प्यारे दोस्त और शानदार एक्टर सतीश शाह का कुछ घंटे पहले किडनी फेलियर की वजह से निधन हो गया है। उन्हें तुरंत हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। हमारी इंडस्ट्री का ये बड़ा नुकसान है। ओम शांति।

सतीश ने लगभग 4 दशक तक काम किया और वह फिल्मों और टीवी शोज के जरिए घर-घर फेमस थे। उनकी प्यारी



मुस्कान सबका दिल जीत लेती थी। सतीश को सबसे बड़ी सक्सेस 1983 में जाने भी दो यारों से मिली जिसमें उन्होंने कई किरदार निभाए थे। सतीश ने कई सुपरहिट फिल्मों में भी काम किया है जैसे हम साथ साथ हैं, मैं हूं ना, कल हो ना हो, कभी हां कभी ना, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और ओम शांति ओम।

# स्क्रैप टू स्पार्क- वस्त्र अपशिष्ट से रचनात्मकता और जलवायु संरक्षण की दिशा में अनोखी पहल

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रवीणलता संस्थान फाउंडेशन ने ग्लोबल हिल्टन फाउंडेशन के सहयोग से महात्मा गांधी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीतारामपूरी जयपुर में स्क्रैप टू स्पार्क कार्यशाला का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में वस्त्र अपशिष्ट से जुड़ी पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पुराने कपड़ों के टुकड़ों से उपयोगी वस्तुएं जैसे बंधनवार , पाउच और बैग तैयार करना सीखा। इस कार्यशाला ने न केवल रचनात्मकता और स्थिरता को बढ़ावा दिया, बल्कि विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित भी किया।



कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि वस्त्र अपशिष्ट हमारे लैंडफिल्स पर बोझ बढ़ा रहा है और कार्बन उत्सर्जन में योगदान दे रहा है। ऐसे में युवाओं को सतत बदलाव के नेतृत्व में आगे आने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर लगभग 200 किलोग्राम वस्त्र अपशिष्ट को पुनः उपयोग में लाकर उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित किया गया, जिन्हें बाद में वंचित समुदायों में वितरित किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों ने जलपान का आनंद लिया और एक प्रतिज्ञा ली हम अपनी धरती माता की रक्षा करेंगे, कपड़ों का अपव्यय कम करेंगे, और 'रीयूज़, रिड्यूस व रीसायकल' के सिद्धांतों का पालन करेंगे। ग्लोबल हिल्टन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित यह पहल बच्चों को स्थायी कचरा प्रबंधन और जलवायु-संवेदनशील जीवनशैली के प्रति प्रशिक्षित करने की एक निरंतर मुहिम की शुरुआत साबित हुई।

# पंडित रविंद्र आचार्य ने की गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से मुलाकात

**जयपुर (हमारा वतन)।** गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम के सरकारी निवास सिविल लाइंस पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने मुलाकात की। इस दौरान गृहराज्य मंत्री बेढम से कानून व्यवस्था एवं जनहित के विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

आचार्य ने भेंट के अवसर पर गृहराज्य मंत्री को बाबा श्याम का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्याम कलम भेंट कर सम्मानित किया, साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर सिविल लाइंस जयपुर के युवा नेता भवानी शर्मा, गिरिराज पारीक, मुकेश सैनी, सुमित शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





# राधेश्याम शर्मा बने चौमूं विधानसभा अध्यक्ष

**चौमूं (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान, जयपुर जिला देहात की ओर से केशव नगर चौमूं निवासी राधेश्याम शर्मा को चौमूं विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने उन्हें नियुक्ति पत्र भेंट कर पद की जिम्मेदारी सौंपी। राधेश्याम शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि वे समाज की एकता और विकास के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे। इस अवसर पर जिला संरक्षक डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला मंत्री ओम प्रकाश रीडर, जिला प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, शशिकांत शर्मा, विमल शर्मा, संदीप शर्मा सहित समाज के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर हीरा नगर में धूमधाम से की गोवर्धन पूजा

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर के हीरा नगर में धूमधाम से गोवर्धन की पूजा की गयी। सभी ने गोवर्धन की परिक्रमा करते हुए जयकारे लगाए। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा ने पूर्ण विधि विधान से कॉलोनी में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न कराया। यह पूजा कई वर्षों से मित्तल परिवार के सानिध्य में आयोजित होती आ रही है।

डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा द्वारा सभी गोवर्धन भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जब तक भारत में हिन्दू बहुमत में हैं तभी तक गोवर्धन जी की पूजा घर-घर में हो पा रही है । इसलिए नारी शक्ति को अधिक से अधिक बच्चे पैदा कर अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए।

इस दौरान महेश मित्तल, लोकेश सैनी और पुष्पेन्द्र सैनी ने कॉलोनी में गोबर से गोवर्धन जी की स्थापना कर सजावट की।गोवर्धन पूजा और परिक्रमा के पश्चात् सभी कॉलोनीवासियों ने गोवर्धन की पूजा कराने वाले पंडित डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा से उनके चरण छूकर आशीर्वाद लिया ।

शर्मा ने सभी गिर्राज भक्तों को दीर्घायु, सुखी, सम्पन्न, जीवन की मंगलकामनाएं करते हुए सनातन धर्म पर चलने का आशीर्वाद दिया।



इस अवसर पर डॉ. चन्द्र शेखर शर्मा और उनकी धर्म पत्नी भारती शर्मा, पूर्व छात्र संघ नेता महेश मित्तल और उनके परिवार जन संजय मित्तल, मुक्ति मित्तल, ममता मित्तल, प्रिंसी मित्तल, रीना गुप्ता, तनीशा, दीपा गोयल, मित्तल आयरन्स के मालिक रमेश मित्तल व धर्मपत्नी मीरा मित्तल, सौरभ मित्तल,निशा मित्तल, फोर स्टार होटल रॉयल्स ब्लू के मालिक मुकेश मित्तल धर्मपत्नी अंजू मित्तल, शुभम मित्तल, रीना मित्तल, आयुशी मित्तल, हर्ष गुप्ता, कुणाल मित्तल, कुशाग्र मित्तल, ग्लास वर्क व्यवसायी लोकेश सैनी पत्नी रजनी सैनी , पुष्पेन्द्र सैनी, हेमन्त सैनी,बिजेन्द्र सैनी, मोहिनी सैनी ,सुहाना,प्राची, जांगिड़ परिवार की ओर से अनीता जांगड़ा, प्रिंस जांगिड़ सहित सभी धर्म प्रेमियों ने मंत्रोच्चार सहित गोवर्धन जी की पूजा कर भजन गाते हुए सात-सात परिक्रमाएँ दी।

## छठ महापर्वः सूर्य देव की आराधना के लिए बनाए कृत्रिम जलाशय

**जयपुर (हमारा वतन)।** सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ शुरू हो चुका है। दीपावली के पांच दिन बाद यानी शनिवार 25 अक्टूबर 2025 से डाला छठ महापर्व नहाय खाय से शुरू हो गया और दो दिन पानी में खड़े रहने के बाद मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 को तड़के उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद इस महापर्व का समापन हो जाएगा। मुख्य आयोजन मैथिली भोजपुरी छट पूजा एकता समिति,जयपुर द्वारा एनबीसी के पीछे दुर्गा विस्तार कॉलोनी पार्क में होगा। इसके लिए कॉलोनियों में ही कृत्रिम जलाशय बनाए जा रहे हैं। जयपुर में करीब 5 लाख बिहारवासी निवास करते हैं और प्रदेशभर में इनकी संख्या करीब 30 लाख है। ये सभी लोग अपने परिवार तथा बंधुओं के साथ मिलकर डाला छठ का महापर्व मनाएंगे। मैथिली भोजपुरी छठ पूजा एकता समिति जयपुर राजस्थान अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने बताया कि मूलतः कार्तिक मास कई मायनों में खास है।



पांच दिवसीय दीपोत्सव के साथ ही लोग आस्था, समरसता, साधना-आराधना का पर्व डाला छठ मनाते हैं।

कोषाध्यक्ष नोखेलाल महतो ने बताया कि एनबीसी हसनपुरा की दुर्गा विस्तार कॉलोनी में कृत्रिम जलाशय तैयार करवाया है । 27 अक्टूबर को संध्या अर्घ्य देकर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। 28 अक्टूबर 2025 को उगते हुए सूर्य को दूसरा अर्घ्य अर्पित कर इस महापर्व को संपन्न किया जाएगा ।

इस दौरान समिति के उपाध्यक्ष शंकर राय,रंजीत पाठक, सचिव चंदन रावत, सह सचिव संजय मिश्रा एवं ललित महतो, शत्रुघ्न शाह, रामकृपाल शाह, वकील महतो, फूल बाबू महतो ,संजय ठाकुर तैयारी में लगे हुए हैं।



## आरएएस में चयनित पलक कुमावत का हुआ सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा जयपुर के तत्वावधान में बुधवार को शहर के जयपुर रोड स्थित अशोक विहार निवासी डॉ.मदन लाल कुमावत की पुत्रवधु पलक कुमावत पत्नि स्व. डॉ.महेंद्र कुमावत का आरएएस में चयन होने पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने पलक कुमावत का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर सर्व कुमावत क्षत्रिय महासभा के मुख्य सरंक्षक सुरेन्द्र कुमार नागर, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर बंबोरिया, राष्ट्रीय महामंत्री रूपसिंह कुमावत,मुख्य सलाहकार विमल कुमावत (पूर्व उप महापौर), राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष सरोज बड़ीवाल, राष्ट्रीय वरिष्ठजन प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोहन अजमेरा, राष्ट्रीय हस्त शिल्प संयोजक मनोहर नारानिया,राष्ट्रीय शिक्षा मंत्री भारती वर्मा, राष्ट्रीय उद्योग मंत्री महेश चंद कारगवाल, राष्ट्रीय महिला मोर्चा कोषाध्यक्ष रजनी सिरोदिया, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पृथ्वी केकट्या, गोपाल सिंह खोवाल, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी मारवाल, जयपुर शहर अध्यक्ष धनराज अनावडिया, जयपुर शहर महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा अजमेरा सहित संस्था के विजय गोठवाल,सत्य नारायण मारवाल, भंवर बबेरीवाल,,ओम प्रकाश, ताराचंद, अशोक कुमावत, रामकरण, ओम प्रकाश, मोहन धमोनिया, गोरी शंकर मारवाल,मनोज देवतवाल. डॉ. केएल कुमावत, वैद्य मोहन लाल कुमावत, सुरेन्द्र कुमावत, बंटी कुमावत, अनिल कुमावत, केदार मल कुमावत सहित अनेक समाज बंधु एव परिवारजन उपस्थित रहे ।

## मन की बात कार्यक्रमः स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में उछाल- पीएम मोदी



**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** पीएम मोदी ने त्योहारी सीजन का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार बाजारों में पहले से ज्यादा रौनक दिखी गई। जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों ने जमकर खरीदारी की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के जरिए मन की बात कार्यक्रम किया। देश-विदेश के लोगों के साथ पीएम मोदी ने अपने विचार साझा किए। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का ये 127वां एपिसोड रहा। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी में भारी उछाल है। त्योहारों की रौनक पहले से ज्यादा देखी गई है।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा, जिस तरह पहाड़ों और मैदानों में जंगल होते हैं, जो मिट्टी को आपस में बांधे रखते हैं, उसी तरह समुद्र तटों पर मैंग्रोव का भी उतना ही महत्व है। मैंग्रोव समुद्र के खारे पानी और दलदली भूमि में उगते हैं और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सुनामी या चक्रवात जैसी आपदाओं के समय ये मैंग्रोव बहुत मददगार साबित होते हैं। मन की बात कार्यक्रम में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहां प्लास्टिक कचरे के बदले आपको भरपेट खाना मिलता है। अगर कोई एक किलो से ज्यादा प्लास्टिक लाता है, तो उसे दोपहर या रात का खाना दिया जाता है, और आधा किलो प्लास्टिक के बदले उसे नाश्ता मिलता है। ये कैफे अंबिकापुर नगर निगम द्वारा चलाए जाते हैं।

## दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला- बदलेंगे खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड के नियम

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** दिल्ली खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड की बैठक में कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नियमों में बदलाव का निर्णय लिया गया। कनाट प्लेस में जीआई टैग वाले उत्पादों के लिए एम्पोरियो खोला जाएगा। मंत्री मनजिंदर सिरसा ने खादी को बढ़ावा देने और स्वदेशी के संकल्प को आगे बढ़ाने की बात कही। कश्मीरी गेट में जूट बैग प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया।



दिल्ली खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) की लगभग चार वर्षों के बाद बैठक हुई। इसमें कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बोर्ड के एक्ट व नियम में बदलाव करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए कानूनी सलाहकार की नियुक्ति की जाएगी। नए एक्ट व कानून से बोर्ड के कामकाज को और मजबूत और व्यवस्थित करने में मदद मिलेगी।

उद्योग मंत्री मनजिंदर सिरसा ने कहा कि पिछली सरकार में मंत्री व नेता महात्मा गांधी के स्मारक पर जाकर उनसे प्रेरणा लेने की बात करते थे, लेकिन खादी को पूरी तरह भूल गए थे। यही कारण है कि डीकेवीआईबी की तीन वर्ष नौ माह तक एक भी बैठक नहीं हुई थी।

शुक्रवार को उनकी अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'स्वदेशी', 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई।

भारत के लगभग 650 जीआई (जियोग्राफिकल इंडिकेशन) टैग उत्पादों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के कनाट प्लेस में एम्पोरियो खोलने का निर्णय लिया गया है।

जीआई टैग एक प्रकार का बौद्धिक संपदा अधिकार है, जो किसी उत्पाद को उसके विशिष्ट भौगोलिक मूल स्थान से जोड़ता है।

यह उन उत्पादों को दिया जाता है जिनकी गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या विशेषताएं उस क्षेत्र की भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती हैं।

यह टैग नकली उत्पादों को बनने से रोकता है और उस क्षेत्र की पारंपरिक विरासत को बढ़ावा देता है। मंत्री ने डीकेवीआईबी के कश्मीरी गेट स्थित कार्यालय में जूट बैग और हस्तनिर्मित कागज से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।







## जॉब्स

1. उत्तर पश्चिम रेलवे, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 2162, अंतिम तिथि 2 नवंबर 2025
2. इंटेलिजेंस ब्यूरो पद एसीआइओ ग्रेड II, पद संख्या 258, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2025
3. दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी, पद ग्रुप ए, बी, सी पोस्ट, पद संख्या 1732, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2025
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2025
5. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी टीचर, पद संख्या 5346, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2025
6. आरएसएमएसएसबी, पद आयुष ऑफिसर, पद संख्या 1535, अंतिम तिथि 8 नवंबर 2025
7. आरएसएमएसएसबी, पद जमादार ग्रेड सेकंड, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 15 नवंबर 2025
8. आरआरबी एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल, पद एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल, पद संख्या 5810, अंतिम तिथि 20 नवंबर 2025

# बच्चे की नींद बर्बाद कर रहा है मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल



मोबाइल से मिलने वाली सुविधाओं से हमारा जीवन काफी आसान हो गया है। वयस्कों के साथ-साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी यह खतरनाक है। इस आलेख के माध्यम से हम जानते हैं कि किस तरह यह बच्चों के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। मोबाइल की एक क्लिक पर कई सारी जानकारियां और सुविधाएं हमारी मुट्ठी में होती हैं। मोबाइल से हमें कई सारे लाभ मिलते हैं। यहां तक कि मोबाइल पर मौजूद हेल्थ एप हमें स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक बनाता है। कहावत है अति सर्वत्र वर्जयेत। यदि हम मोबाइल का उपयोग जरूरत से अधिक करने लगते हैं, तो यह हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगता है। बड़ों की तरह बच्चों के लिए भी हजार सुविधाएं मोबाइल पर मौजूद हैं। जब बच्चे मोबाइल का उपयोग अधिक करने लगते हैं, तो यह उनके फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मेंटल हेल्थ को भी प्रभावित करने लगता है।


**कैसे मोबाइल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है?** यदि आरएफ रेडिएशन काफी अधिक है, तो इसका थर्मल प्रभाव भी होता है। इसका मतलब यह हुआ कि यह शरीर का तापमान बढ़ा देता है। हार्वर्ड हेल्थ पब्लिकेशन शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि मोबाइल फोन से उत्सर्जित आरएफ विकिरण का लो लेवल भी सिरदर्द या ब्रेन ट्यूमर जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। मोबाइल के कारण बच्चों में पुअर स्लीप क्वालिटी से लेकर तनाव, एंग्जाइटी और हाई लेवल डिप्रेशन तक हो सकते हैं।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडीएट्रीक्स के अनुसार, 2 साल से छोटे बच्चों को किसी भी प्रकार का स्क्रीन नहीं देखने देना चाहिए। यहां तक कि टीनएजर्स को 2 घंटे से अधिक मोबाइल नहीं देखने दें।

**1 हीन भावना के हो सकते हैं शिकार-**मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि मोबाइल फोन पर बहुत अधिक समय बिताने से बच्चों में सोशल स्किल की कमी हो जाती है। इसके कारण वे समाज और परिवार के लोगों से बात करने में कतराने लगते हैं। वे वर्चुअल वर्ल्ड में जीने लगते हैं। यदि उन्हें फेसबुक पर लाइक नहीं मिलता है, तो वे हीन भावना के शिकार हो जाते हैं। वर्चुअल वर्ल्ड में सभी खुद को अच्छा-अच्छा पेश करते हैं। इसलिए जब वे सच्चाई से अवगत होते हैं, तो उन्हें बहुत बुरा लगता है।इससे उनका मेंटल हेल्थ भी प्रभावित हो जाता है।

**2 स्ट्रेस और एंग्जाइटी** -मोबाइल फोन पर बहुत अधिक समय बिताने से बच्चों में स्ट्रेस और एंग्जाइटी हो सकती है। बच्चे जितना अधिक मोबाइल का उपयोग करते हैं, वे उतना ही अधिक फोन पर समय बिताना चाहते हैं। उनके लिए फोन देखना नशा की तरह हो जाता है। यदि उन्हें फोन देखने के लिए नहीं मिलता है, तो वे एग्रेसिवनेस दिखाने लगते हैं। इससे वे स्ट्रेस और एंग्जायटी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए बच्चों के मोबाइल के लत के शिकार होने के पहले सतर्क हो जाएं।


**3 अवसाद-**वयस्क हों या बच्चे, जो कोई भी मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग करता है, उसके अवसाद के लेवल का स्कोर हाई होने की संभावना अधिक होती है। दरअसल मोबाइल अन्य फिजिकल और हैप्पीनेस वाली गतिविधियों में हस्तक्षेप कर सकते हैं। सोशल एक्टिविटीज को बाधित कर सकते हैं। इससे व्यवहारिक सक्रियता कम हो सकती है।इससे अवसाद भी बढ़ता है।




**4 बिना कारण के दुखी रहना-**मोबाइल बच्चों को दुखी कर रहा है। इसके अधिक उपयोग को समस्या के रूप में देखना चाहिए। बच्चे को यदि मोबाइल पर विज्ञापित की गई सामग्री नहीं मिलती है,तो वे दुखी हो जाते हैं। बिना वजह के गुस्सा करने लग जाते हैं। दूसरी तरफ जब बच्चे मोबाइल फोन के उपयोग को नियंत्रित करने में असमर्थ होते हैं। तो यह उनके समग्र स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

**5 व्यवहार संबंधी समस्या-**मोबाइल के उपयोग से मेलाटोनिन हार्मोन का अत्यधिक स्राव हो सकता है, जो मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करता है। यह व्यवहार संबंधी समस्याओं का कारण बनता है। परिवार और समाज से कटकर बच्चा मोबाइल पर सिमट आता है। इसके कारण कम्युनिकेशन प्रभावित होता है। कम्युनिकेशन के अभाव में बच्चा कई तरह की मानसिक और सामजिक समस्याओं से भी घिर सकता है।

## बॉलीवुड चटकारा




### जाह्नवी कपूर ने खूबसूरत दिखने के लिए करवाई है कई सर्जरी, एक्ट्रेस बोलीं- मेरी मां ने मुझे...



जाह्नवी कपूर ने जबसे फिल्म इंडस्ट्री में एंट्री की है तबसे उनको लेकर काफी अफवाहें आती हैं कि उन्होंने लिप सर्जरी करवाई है या बाकी कई सर्जरी। जाह्नवी ने इस पर कभी ओपनली बात नहीं की है, लेकिन अब उन्होंने इस पर चुप्पी तोड़ी और बताया कि ये सब बकवास है। दरअसल, जाह्नवी ने एक वीडियो पर अपना रिएक्शन दिया जिसमें एक डॉक्टर ने ये दावा किया कि जाह्नवी ने अपने चेहरे पर काफी कुछ किया है स्पेशयली बफैलो प्लास्टी।

**क्या बोलीं जाह्नवी-**दरअसल, जाह्नवी और करण जौहर साथ में ट्विंकल और काजोल के शो टू मच में आए। इस दौरान जाह्नवी बोलती हैं मैंने एक वीडियो देखा जिसमें खुद को डॉक्टर बताने वाले एक शख्स ने कहा कि चलिए रिव्यू करते हैं कि इस इंसान ने अपने चेहरे पर क्या किया है। उन्होंने कुछ ऐसा भी कहा बफैलो प्लास्टी।


**जाह्नवी की सबको सीख-**जाह्नवी ने आगे कहा, मुझे लगता है कि मैंने जो कुछ किया है वो काफी सोच समझकर और सही तरीके से किया है। जाहिर सी बात है कि मेरी मां ने मुझे गाइड किया है। मैं सभी यंग लड़कियों को कहना चाहूंगी कि जो भी ऐसी वीडियो देखते हैं और डिसाइड करते हैं कि मुझे भी ये बफैलो प्लास्टी करना है और कुछ गलत हो जाता है तो इससे बुरा कुछ नहीं हो सकता। ट्रांसपेरेंसी काफी जरूरी है।

जाह्नवी ने जेनजी में बॉडी इमेज और सोशल मीडिया को लेकर प्रेशर पर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं उन यंग लड़की में से थी जो सोशल मीडिया से काफी इफेक्ट होती थी। मैं नहीं चाहती कि यंग लड़कियां भी इससे प्रभावित हो। मैं इसमें काफी विश्वास करती हूं कि आप वही करो जो आप हो, जिससे आपको खुशी हो।'

बता दें कि ऐसा कहा जाता है कि बफैलो प्लास्टी एक कॉस्मैटिक सर्जरी है जिससे अपल लिप को थोड़ा उठाया जाता है।

**प्रोफेशनल लाइफ-**जाह्नवी की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आई थीं। फिल्म को मिक्स रिस्पॉन्स मिला था। अब वह फिल्म पेड्डी में नजर आने वाली हैं जिसमें राम चरण, तृषा कृष्णन भी हैं।

### 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में बिल गेट्स का कैमियो देख खुश हुईं हिना खान, बोलीं- यही है...



साल 2025 में वो हुआ है जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। एक ओर स्मृति ईरानी छोटे पर्दे पर वापसी की और दूसरी ओर 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' में दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार बिल गेट्स का कैमियो देखने को मिला। जैसे ही स्टार प्लस ने बिल गेट्स के कैमियो का प्रोमो शेयर किया हिना खान खुशी से झूम उठीं।

**क्या बोलीं हिना?** हिना खान ने इस कैमियो पर अपनी खुशी जताते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, यही है इंडियन टेलीविजन की असली ताकत। उन्होंने इस अनोखे आइडिया के लिए एकता कपूर को बधाई दी और लिखा, केवल आप ही ऐसा शानदार काम कर सकती थीं।

**प्रोमो में क्या दिखाया गया?** प्रोमो में बिल गेट्स वीडियो कॉल पर तुलसी विरानी (स्मृति ईरानी) से बात करते दिखाई दे रहे हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, नमस्ते तुलसी जी, जय श्री कृष्णा। तुलसी जवाब में कहती हैं, जय श्री कृष्णा।

**बिल गेट्स ने क्यों किया कैमियो?** बिल गेट्स का फाउंडेशन 'बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन' के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चला रहे हैं। वहीं स्मृति ईरानी भी अपने शो के जरिए अलग-अलग मुद्दों पर जागरूकता फैलाने का काम कर रही हैं। ऐसे में दोनों ने मिलकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर जागरूकता फैलाने का निर्णय लिया और इसलिए बिल गेट्स कैमियो करने के लिए राजी हुए।

### टीना आहूजा गोविंदा के गोली लगने पर अब जाकर बोलीं बेटी कहा- व्हाइट कपड़े पूरे लाल हो गए थे और...



गोविंदा ने पिछले साल फैंस को तब चौंकाया जब उन्होंने खुद अपने पैर पर गोली चला दी थी। गोविंदा ने गलती से अपनी ही बंदूक से खुद को गोली मार दी थी। कुछ दिन अस्पताल रहने के बाद उन्हें फिर डिस्चार्ज कर दिया गया था। अब साल भर बाद गोविंदा की बेटी टीना ने इस मामले पर बात की और बताया कि उस वक्त वह बुरी टूट गई थीं।

**जीत के आंसू थे-** टीना ने बताया कि जब गोविंदा अस्पताल से डिस्चार्ज हुए थे तो वह क्यों इमोशनल हो गई थीं। टीना ने कहा, वो उस समय जीत के आंसू थे क्योंकि मैंने उस समय भगवान से इतनी प्रार्थनाएं की थी और उस वक्त जब पापा डिस्चार्ज हुए तो मैं काफी खुश थी कि वह ठीक हैं। पहले वह आईसीयू में थे, तब मैं नीचे सो रही थी।

**आईसीयू में नीचे सोती थीं टीना-**सुनीता ने कहा, इसके बाद उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया और मेरे पिता हैं न वह बहुत ही देसी हैं। वह बोलते ड्रिप्स नहीं लेना, एंटीबायोटिक्स नहीं लेना, उनको ये सब चीजें पसंद नहीं तो जब एक इंसान फाइट कर रहा होता है न कि यार अब क्या करें, अब कैसे करें। मैं आईसीयू में नीचे सो रही थी और बस चाहती थी कि वह वापस आ जाएं।

**गोविंदा के व्हाइट कपड़े खून से हो गए थे लाल-**टीना ने आगे कहा, 'जब गोविंदा पर गोली चली, मैं ही उन्हें अस्पताल लेकर गई थी और मैंने देखा था कि वह एक इवेंट के लिए जा रहे थे और सुबह की फ्लाइट थी। उन्होंने व्हाइट पैंट या व्हाइट जीन्स पहनी थी और उसके साथ व्हाइट टी शर्ट और जैकेट थी। उनकी पूरी व्हाइट जीन्स लाल हो गई थी।'

**प्रोफेशनल लाइफ-**गोविंदा की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह अब 6 साल बाद फिल्म दुनियादारी के जरिए कमबैक करने वाले हैं फिल्मों में।

टिकिट

**हमारा वतन**
**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।**
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

**क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,**
**कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।**

## सम्पादकीय.....

# बिहार में आमने-सामने की बिसात

तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने के साथ बिहार में महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच चल रही नूरा-कुश्ती खत्म हो गई। सातों सहयोगी दलों के नेताओं ने मंच से बढ़-चढ़कर एकजुटता का एलान किया। इससे पहले सीटों के बंटवारे को लेकर कांग्रेस, राजद और वीआईपी में खींचतान की वजह से बनी संवादहीनता से यह लगने लगा था कि महागठबंधन बिखर गया है। 13 सीटों पर एक-दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार उतारने से इन दलों के साथ-साथ चुनाव लड़ने की उम्मीदें भी खत्म होने लगी थीं। मगर बीते चार-पांच दिनों में 'डैमेज कंट्रोल' की कोशिशों ने रंग दिखाया और अंततः बात बन गई।पहली बार महागठबंधन ने तेजस्वी को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ यह भी तय हो गया है कि बिहार का चुनाव चाचा बनाम भतीजा होगा। इनमें कौन बीस साबित होगा, इसका जवाब बिहार की जनता देगी। वैसे महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार घोषित करने के साथ ही एक दांव भी खेल दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने एनडीए से पूछा कि उनका मुख्यमंत्री का चेहरा कौन है? साथ ही, उन्होंने दावा भी किया कि महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे की तरह भाजपा बिहार में भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी। जाहिर है, गठबंधन पूरे चुनाव में यह संदेश देना चाहेगा कि बहुमत मिलने पर भाजपा अपने दल के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाएगी और नीतीश कुमार किनारे कर दिए जाएंगे। बिहार में अति-पिछड़े व महिला समाज पर नीतीश कुमार की पकड़ मजबूत रही है। उनके गठबंधन को अब तक जीत दिलाने में इन दोनों समूहों का बड़ा योगदान रहा है। महागठबंधन इस बार इन्हीं दो समूहों, खासकर महिला मतदाताओं को साधने के हरसंभव दांव चल रहा है। तेजस्वी यादव ने बुधवार को राजद और गुरुवार को महागठबंधन की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बड़े वायदे किए। उन्होंने दो नई योजना लाने, मसलन 'मा' (एमएए- मकान, अन्न और आमदनी) और 'बेटी' (बीईटीआई-बेनीफिट, एजुकेशन, ट्रेनिंग और इनकम) की घोषणा की। इनके अलावा जीविका समूहों के 80 हजार से अधिक समन्वयकों की सेवा नियमित कर उन्हें प्रतिमाह 30 हजार रुपये वेतन और 1.44 करोड़ जीविका दीदियों को पांच साल में डेढ़-डेढ लाख रुपये देने का वायदा किया। इससे पहले वह हर ऐसे परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का एलान कर चुके हैं, जिनका कोई सदस्य सरकारी सेवा में नहीं है। बिहार में ढाई करोड़ से अधिक परिवार हैं और सरकारी नौकरियां करीब 25 लाख हैं। वरिष्ठ एनडीए नेता रविशंकर प्रसाद ने पलटवार करते हुए पूछा है कि तेजस्वी ने जो घोषणाएं की हैं, उनको पूरा करने के लिए करीब 12 लाख करोड़ रुपये की जरूरत होगी, इतने पैसे वह कहां से लाएंगे? बिहार का इस साल का बजट 3.71 लाख करोड़ का है। चाचा-भतीजे की इस जंग में संशय या भ्रम फिर से बड़ा चुनावी शस्त्र साबित होने वाला है। साल 2020 के चुनाव में चिराग पासवान ने खुद को प्रधानमंत्री का हनुमान घोषित करके भ्रम फैलाया था और उसका खामियाजा एनडीए को भुगतना पड़ा। इस बार के चुनाव में दो पहलू हैं- बिखराव और मुख्यमंत्री का चेहरा। अब यह देखने की बात होगी कि महागठबंधन कैसे भरोसा दिला पाता है कि उसके सहयोगी दलों की एकजुटता के प्रदर्शन के पीछे कोई विवशता नहीं है और एनडीए कैसे यह यकीन दिला पाता है कि महाराष्ट्र की कहानी बिहार में नहीं दोहराई जाएगी।बिहार में सामाजिक समीकरण चुनाव में कामयाबी की कुंजी रहे हैं। नीतीश कुमार ने सोशल इंजीनियरिंग से ही अपने लिए उर्वरा जमीन तैयार की। नब्बे के दशक में लालू प्रसाद को पिछड़ा, अति-पिछड़ा और दलित व मुस्लिमों का समर्थन हासिल था।


राम गोपाल सैनी

# पिंकसिटी प्रेस क्लब का 34वां स्थापना दिवस मनाया




**जयपुर (हमारा वतन)।** लोकतंत्र में पत्रकारिता महत्वपूर्ण स्तम्भ है। सरकार की योजनाओं की जानकारी लक्षित वर्ग तक पहुंचाने और योजना क्रियान्वयन में किसी भी खामी, सुधार के सुझाव का फीडबैक सरकार तक पहुंचा कर पत्रकार समाज की सेवा करते हैं।

राज्य सरकार पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए हरसम्भव कदम उठा रही है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को जयपुर में पिंकसिटी प्रेस क्लब के 34वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों को यह बात कही। कार्यक्रम में उन्होंने पत्रकारिता जगत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार बंधुओं को पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने क्लब के गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करती फ़ोटो प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर सिविल लाइंस विधायक और वरिष्ठ पत्रकार गोपाल शर्मा, पिंकसिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव मुकेश चौधरी,महात्मा गांधी मेडिकल विश्वविद्यालय के संस्थापक एम.एल. स्वर्णकार सहित क्लब के पदाधिकारी व गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पोषण माह-2025: राजस्थान को मिला द्वितीय स्थान

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय पोषण माह-2025 में राजस्थान को देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि जनसहभागिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की निष्ठा व मेहनत तथा राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। यह कीर्तिमान सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार स्वस्थ और समृद्ध राजस्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पोषण के क्षेत्र में सुधार हेतु नवाचार किए गए हैं, जिसके तहत पोषण माह-2025 में जागरूकता, सामुदायिक सहभागिता, गृह भ्रमण, पौष्टिक आहार वितरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य परामर्श के लिए व्यापक गतिविधियां आयोजित की गईं। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा सहयोगियों और स्थानीय संगठनों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि राज्य सरकार सुपोषित राजस्थान की दिशा में प्रभावी कदमों के लिए सतत् प्रयासरत रहेगी।






# BSNL का दीवाली पर बुजुर्गों को तोहफा

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** बीएसएनएल ने दीपावली पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान प्लान पेश किया है, जिसमें 1,812 रुपये में सालभर के कनेक्टिविटी बेनिफिट्स मिलेंगे। इस प्लान में प्रतिदिन 2GB डेटा, अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 SMS की सुविधा है। नए यूजर्स को फ्री सिम कार्ड और 60 वर्ष से अधिक उम्र के ग्राहकों को छह महीने का BiTV सब्सक्रिप्शन भी मुफ्त मिलेगा। इसके अतिरिक्त, बीएसएनएल 485 रुपये और 1,999 रुपये के प्रीपेड प्लान पर भी डिस्काउंट दे रहा है।

सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने अपने सीनियर सिटिजन को एक बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल कंपनी ने बुजुर्गों के लिए खास 'सम्मान प्लान' पेश किया है। खास बात यह है कि इस प्लान को 60 साल और उससे ऊपर की उम्र के लोगों के लिए पेश किया गया है। इस प्लान को ग्राहकों को सालभर के कनेक्टिविटी बेनिफिट्स सिर्फ 1,812 रुपये में मिल जाएंगे। चलिए इस जबरदस्त प्लान के बारे में विस्तार से जानते हैं...

**BSNL का नया 1,812 रुपये वाला प्लान-** बीएसएनएल के इस नए 1,812 रुपये वाले प्लान में डेली 2GB डेटा मिलता है। साथ ही इस प्लान में आपको अनलिमिटेड कॉलिंग और 100 SMS हर दिन भेजने की सुविधा भी मिलती है। इतना ही नहीं नए यूजर्स को तो फ्री सिम कार्ड भी मिलेगा। साथ ही 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के ग्राहकों को छह महीने का BiTV सब्सक्रिप्शन भी बिलकुल फ्री दिया जाएगा। यह लिमिटेड टाइम के लिए ऑफर है और 18 नवंबर 2025 तक उपलब्ध रहेगा।




# चौमूं में धूमधाम से मनाया भैया दूज का त्यौहार

**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर में भैया दूज का त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया गया। बहनों ने अपने भाई के तिलक और राखी बांधकर मिठाई खिलाकर भाई दूज का त्यौहार मनाया। भाईयों ने बहनों को उपहार भेंट किए। इसी कड़ी में मोरीजा रोड निवासी डायमंड किड्स स्कूल के डायरेक्टर नागेश कुमार शर्मा ने परिवार सहित भैया दूज का त्यौहार मनाया। नागेश शर्मा ने अपनी पत्नी ममता शर्मा के साथ अपनी बहन नीरजा शर्मा को उपहारस्वरूप सोने की चेन और मोबाइल फोन गिफ्ट किया। इस दौरान शिवसहाय दल्लाका,कमला देवी, राकेश शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश दल्लाका, रितु शर्मा, कन्नू, तनु, मोहित, गोलू, चीकू, पिया शर्मा ,कीर्ति शर्मा ,कल्पना शर्मा, रितु, सिद्धू, मयंक, कपिल सहित परिवारजन मौजूद रहे।



RNI No. 10311/1965 स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512 उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759 सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।